# षोडश

# बिहार विधान-सभा

## पंचम सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-4

वृहस्पतिवार, तिथि 11 फाल्गुन, 1938 (श0) / 02 मार्च, 2017 (ई0)

**प्रश्नों की कुल संख्या 162**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग | .. | .. | 26 |
| (2) | नगर विकास विभाग | .. | .. | 34 |
| (3) | राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग | .. | .. | 39 |
| (4) | कृषि विभाग | .. | .. | 20 |
| (5) | पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग | .. | .. | 27 |
| (6) | खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग | .. | .. | 11 |
| (7) | सहकारिता विभाग | .. | .. | 05 |
| | | | कुल योग — | 162 |

राष्ट्रीय बांस मिशन में शामिल करना

*514. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला बांस का बहुत बड़ा उत्पादक क्षेत्र है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जिला राष्ट्रीय बांस मिशन में शामिल नहीं होने से यहाँ बांस उत्पादक किसानों को उचित लाभ नहीं मिल पा रहा है तथा वे उपेक्षित महसूस कर रहे हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पूर्वी चम्पारण जिला को राष्ट्रीय बांस मिशन में शामिल करने का विचार रखती है ?

---------

कृषि यंत्र बैंकों की स्थापना

*515. श्री अनिल सिंह--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि केंद्रांश के 60 और राज्यांश के 40 प्रतिशत की राशि से राज्य में 138 बड़े कृषि यंत्र बैंक और ग्राम स्तर पर 229 छोटे कृषि यंत्र बैंक की स्थापना की जानी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि केंद्रांश के मद में 14 करोड़ रुपये की राशि केन्द्र सरकार द्वारा मई, 2016 में ही राज्य सरकार को दी गयी, परन्तु आजतक एक भी बड़ा या छोटा कृषि यंत्र बैंक स्थापित नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक राज्यांश देते हुये बड़े एवं छोटे कृषि यंत्र बैंकों की स्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

रास्ता चालू कराना

*516. श्री नारायण प्रसाद--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत अंचल नौतन के शिवराजपुर पंचायत अन्तर्गत शिवपूजन बैठा टोला निवासी के महादलितों एवं टोला के मध्य स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय का निकास रास्ता जनवरी, 2016 से बन्द कर दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त महादलित बस्ती एवं विद्यालय के रास्ता बंद होने की सूचना ग्रामीणों एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने दिनांक 11 मई, 2016 को अंचलाधिकारी, नौतन को लिखित शिकायत देकर बंद रास्ता को चालू कराने का अनुरोध किया है जिसपर अभीतक कार्रवाई नहीं की जा सकी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त महादलित टोला के बंद पड़े रास्ते को चालू कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## किसान सलाहकारों को ट्रेनिंग देना

*517. श्री नन्द किशोर यादव--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में मानदेय पर नियुक्त किसान सलाहकार की नियुक्ति की अर्हता इंटर पास होती है तथा उन्हें कृषि का कोई ज्ञान नहीं होता है और राज्य सरकार भी उनके ट्रेनिंग की कोई व्यवस्था नहीं करती है, फलतः कृषि संबंधी योजनाओं का कार्यान्वयन संभव नहीं हो पाता है, यदि हाँ, तो सरकार किसान सलाहकारों को ट्रेनिंग देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

## कृषि भवन का निर्माण

*518. श्री सिद्धार्थ--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के विक्रम विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत विक्रम प्रखंड स्थित बनि बिगहा पंचायत के चिहुटा ग्राम में किसान कृषि भवन का निर्माण कार्य 6 वर्ष पूर्व आरम्भ किया गया था; परन्तु वर्णित किसान भवन अभीतक अर्द्धनिर्मित ही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक अर्द्धनिर्मित किसान कृषि भवन को पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

## अतिक्रमण से मुक्त कराना

*519. श्री अजीत शर्मा--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत भागलपुर नगर निगम क्षेत्र के दीपनगर में 43 एकड़ जमीन में 35 एकड़ जमीन का अतिक्रमण, कटघर में 10 कट्ठा जमीन पर अतिक्रमण एवं बबरगंज नगर क्षेत्र के 8 कट्ठा जमीन पर अतिक्रमण है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नगर निगम क्षेत्र के वर्णित सरकारी जमीन को अतिक्रमण से कबतक मुक्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

## सड़क बनाना

*520. श्री (डॉ०) मो० जावेद--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के किशनगंज नगर परिषद् अन्तर्गत खगड़ा मझिया सड़क अत्यंत ही जर्जर स्थिति में है, जिससे आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

## राशि का सदुपयोग करना

*521. श्री (डॉ०) मेवा लाल चौधरी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला अन्तर्गत हवेली खड़गपुर नगर पंचायत में सम्राट अशोक भवन निर्माण हेतु वर्ष 2014-15 में राशि का आवंटन हुआ था, किन्तु नगर कार्यपालक पदाधिकारी के पत्रांक 2377, दिनांक 26 नवम्बर, 2016 द्वारा मासिक बैठक कर भूमि अनुपलब्धता का प्रतिवेदन दिया गया है जबकि उक्त प्रखंड में भूमि उपलब्ध है, यदि हाँ, तो क्या सरकार प्राप्त आवंटन की राशि का सदुपयोग कर सम्राट अशोक भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अनुदान देना

*522. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला में सौ बीघा से ज्यादा जमीन पर फूल की खेती से माली समाज के साथ-साथ हजारों नौजवानों को रोजगार मिल रहा है, यदि हाँ, तो उक्त कार्य हेतु प्रोत्साहन यथा अनुदान, वाणिज्यिक विस्तार हेतु सरकार की क्या योजना है ?

--------

अतिक्रमण से मुक्त कराना

*523. श्री समीर कुमार महासेठ--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के कमला नदी में पंडौल प्रखंड के पंडौल मौजा में पुराना खतियान गैर-मजरूआ आम खाता 1317, खेसरा 815, रकवा छः एकड़ जमीन है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जमीन को असामाजिक तत्वों द्वारा निरंतर पिछले दो वर्षों से अतिक्रमण के कारण नदी के बहाव में भी दिक्कत आने लगी है, जिससे ऊपरी इलाकों में पानी भर जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नदी को अतिक्रमण मुक्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पशु चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति

*524. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के बसंतपुर, लकड़ी, नवीगंज तथा गोरेयाकोठी प्रखंडों में पशु चिकित्सक का पद 10 साल से रिक्त है, जिससे पशुओं के इलाज में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखंडों में कबतक पशु चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कूपन उपलब्ध कराना

*525. श्री मुन्द्रिका सिंह यादव--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला के जहानाबाद प्रखंड के ग्राम पंचायत किनारी के ग्राम किनारी के कई ग्रामीणों को राशन कार्ड दिया गया है, किन्तु कूपन नहीं दिये जाने के कारण उन्हें राशन नहीं मिल पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार प्रश्नाधीन ग्रामीणों को कबतक कूपन उपलब्ध कराना चाहती है ?

भवन निर्माण एवं चिकित्सक का पदस्थापन

*526. डॉ0 मेवालाल चौधरी--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला अन्तर्गत असरगंज प्रखंड के ग्राम-धुरिया स्थित पशु चिकित्सालय भवन जर्जर है एवं पशु चिकित्सक भी अनुपस्थित रहते हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पशु चिकित्सालय का भवन निर्माण करवाने एवं चिकित्सक की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अमीन का पदस्थापन

*527. श्री सिद्धार्थ--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के विक्रम विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत नौबतपुर अंचल में एक अमीन का पदस्थापन है, जिसे दो माह पूर्व जिला भू-अर्जन कार्यालय, पटना में प्रतिनियुक्ति के कारण अंचल का जमीन संबंधी नापी कार्य बाधित हो रहा है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

--------

धान क्रय केन्द्र खोलना

*528. श्री राजेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत तुर्कोलिया प्रखंड में धान क्रय केन्द्र नहीं होने के कारण यहाँ के किसानों को अपना धान बिक्री करने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार तुर्कोलिया प्रखंड में कबतक धान क्रय केन्द्र खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुआवजा देना

*529. श्री सरोज यादव--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत बड़हरा, कोईलवर एवं आरा प्रखंड में वर्ष 2016 में आई प्रलयंकारी बाढ़ से किसानों का मकई का फसल बर्बाद हो गया, परन्तु उक्त प्रखंडों के किसानों को अभीतक फसल का मुआवजा नहीं दिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखंडों के किसानों को कबतक मुआवजा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

वासगीत का पर्चा देना

*530. श्रीमती लेशी सिंह--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अन्तर्गत के0 नगर प्रखण्ड अधीन गणेशपुर पंचायत के तहत करूवारटिका, बीचला टोला, परोरा पंचायत के तहत पीपरा मुसहरी, चकपरोरा, मुसहरी टोला में महादलित परिवार को वासगीत पर्चा निर्गत नहीं होने के कारण सभी सरकारी लाभ से वंचित हो रहे हैं, यदि हाँ, तो सरकार उपरोक्त तीनों ग्रामों में बसे भूमिहीन महादलित परिवार का सर्वे कराकर कबतक वासगीत पर्चा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पेयजल संकट दूर करना

*531. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के नवीनगर विधान-सभा क्षेत्र में गर्मी के दिनों में पानी का लेयर नीचे चले जाने से पेयजल का घोर संकट उत्पन्न हो जाता है, यदि हाँ, तो आगामी गर्मी के मौसम में इस संकट को रोकने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

---

उत्पादन बढ़ाना

*532. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 10 दिसम्बर, 2016 को प्रकाशित शीर्षक ''विलुप्त हो रही हैं देसी मछलियाँ'' को ध्यान में रखते हुये, क्या मंत्री पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्त उत्तर बिहार सहित सीतामढ़ी जिला में कोतरा, बामी, पोठिया, रोहू, देशी झींगा आदि मछलियाँ का उत्पादन किया जाता था ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में मछली का उत्पादन बढ़ाने हेतु हाई ब्रिड एवं विदेशी मछलियों के पालन को ही बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे देशी मछलियाँ लुप्त हो रही हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त विलुप्त हो रही देशी मछलियों के उत्पादन में बढ़ावा देने हेतु कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

स्थानान्तरण करना

*533. श्री राजकिशोर सिंह--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार का यह संकल्प है कि कोई पदाधिकारी एक ही स्थान पर 3 वर्ष से अधिक प्रतिनियुक्त नहीं रह सकते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत महुआ अनुमंडल में भूमि सुधार उप-समाहर्ता 15 जुलाई, 2013 से ही पदस्थापित हैं, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

मीनार चालू नहीं होने का औचित्य

*534. श्री विनय वर्मा--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिला के नरकटियागंज विधान-सभा क्षेत्र अन्तर्गत बनवरीया पंचायत में एवं साढ़ी में जलमीनार बनकर तैयार है, लेकिन आजतक चालू नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

मछली पालने का कार्य का प्रारंभ

*535. श्री (डॉ0) शकील अहमद खाँ--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत डंडखोरा प्रखंड के सौरिया पंचायत में वर्ष 2007 में मछली पालन केन्द्र हेतु शिलान्यास किया गया एवं भवन का निर्माण एक वर्ष पूर्व किया गया है, लेकिन मछली पालन केन्द्र में मछली पालन कार्य नहीं हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त मछली पालन केन्द्र में मछली पालने का कार्य कबतक शुरू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भू-गर्भीय नाले से जोड़ना

*536. श्री महेश्वर प्रसाद यादव--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के अन्तर्गत पूर्वी पटेल नगर के पथ संख्या 10 से लेकर पथ संख्या 1 के निकट गाँधी मूर्ति होते हुये डी0 ए0 भी0 स्कूल तक अवस्थित बड़े नाले तक जल निःस्सरण हेतु एक भूमिगत नाला का निर्माण चालू वित्तीय वर्ष में किया गया है, जिससे सभी पथों में अवस्थित जल निकासी के भू-गर्भीय नाले को उसके साथ जोड़ दिया गया है, किन्तु पथ संख्या 6 में अवस्थित भू-गर्भीय नाला को उस नव-निर्मित बड़े भू-गर्भीय नाले के साथ बिना जोड़े छोड़ दिया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

जलापूर्ति करना

*537. श्री निरंजन राम--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भभुआ जिलान्तर्गत कुदरा प्रखण्ड के घटाँव ग्राम में जलमीनार का पाइप नहीं जोड़ने के कारण फखराबाद, सराय, शेरपुरवाँ टोला में अबतक जलापूर्ति नहीं होती है, जिसके कारण सात हजार की आवादी पेयजल की सुविधा से वंचित हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त टोलों में जलापूर्ति करने हेतु कबतक पाइप लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

संवेदक पर कार्रवाई

*538. डॉ० मो० जावेद--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुख्यमंत्री चापाकल योजना अन्तर्गत वर्ष 2013-14 में किशनगंज नगर परिषद् में दो-दो चापाकल प्रति वार्ड गाड़ने हेतु अनुशंसा प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि चापाकल के गड़ाई कार्य में भारी अनियमितता एवं प्राक्कलन के विपरीत निम्नस्तरीय सामग्री का उपयोग किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उचित एजेंसी द्वारा जाँच कराकर विभागीय पदाधिकारी एवं संवेदक पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

अतिक्रमण मुक्त करना

*539. श्री महेश्वर प्रसाद यादव--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत गायघाट प्रखंड के जौंता-कार्टा पथ एवं मकरन्दपुर खजुरी-मोतनाजे पथ पर दोनों तरफ से अतिक्रमण कर लेने के कारण वाहनों का आवागमन प्रभावित हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों पथों की जमीन की मापी कराकर उक्त दोनों पथों को कबतक अतिक्रमण से मुक्त करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------

धान का क्रय

*540. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला में अभीतक किसी भी प्रखंड में धान खरीदने की प्रक्रिया शुरू नहीं हुयी है, जिससे किसान औने-पौने दाम पर धान दुकानदारों को बेच रहे हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक धान खरीदने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

जमीन अर्जित करना

*541. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मधेपुर प्रखण्ड स्थित रहुआ संग्राम पंचायत के खरीक गाँव में लगभग एक हजार महादलित आबादी को घर से निकलने के लिये कोई सरकारी रास्ता नहीं है, जिससे उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार महादलितों के स्थायी सड़क के लिये कबतक जमीन अर्जित करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

नगर पंचायत का दर्जा

*542. श्री निरंजन कुमार मेहता--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत बिहारीगंज शहर को नगर पंचायत का दर्जा देने का प्रस्ताव जिलाधिकारी, मधेपुरा द्वारा माह अगस्त, 2016 में सरकार को भेजा गया है, लेकिन बिहारीगंज को अभीतक नगर पंचायत का दर्जा नहीं दिया जा सका है, यदि हाँ, तो सरकार बिहारीगंज को कबतक नगर पंचायत का दर्जा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

कर्मचारी का पदस्थापन

*543. श्री वशिष्ठ सिंह--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत अंचल कोचस में 14 ग्राम पंचायत 1 नगर पंचायत एवं 191 राजस्व गाँव हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि कोचस अंचल में मात्र तीन राजस्व कर्मचारी पदस्थापित हैं ;

(3) क्या यह बात है कि राजस्व कर्मचारी के कमी के कारण भूमि एवं राजस्व से संबंधित कार्य ससमय निष्पादित नहीं होने से ग्रामीणों को कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

------

पेयजल उपलब्ध कराना

*544. श्री प्रहलाद यादव--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला के सूर्यगढ़ा एवं चानन प्रखण्ड के बुधौली-बनकर, उरैन, श्रीकिसुन, गोहरी एवं जानकी डीह पंचायतों में पथरीली जमीन होने के कारण पेयजल की सुविधा हेतु चापाकल या स्टेंट बोरिंग नहीं गाड़ा जा सकता है, यदि हाँ, तो सरकार उपर्युक्त पंचायतों के बगल में श्रृंगी ऋषि पहाड़ से निकल रहे पानी को पाइप के द्वारा पेजयल के रूप में कबतक उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

बाईपास सड़क बनाना

*545. श्री अमीत कुमार--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत बैरगनियाँ हॉस्पिटल चौक से प्रखंड मुख्यालय बैरगनियाँ होते हुये नेपाल के जिला मुख्यालय रौतहर गौर को जोड़ने वाली सड़क में हमेशा जाम की समस्या रहने के कारण लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार जाम से निजात दिलाने के लिये बाजार समिति से होते हुये हजारी मिल कष्टम कार्यालय तक बाईपास सड़क बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

चापाकल लगाना

*546. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में अवस्थित प्राथमिक/मध्य विद्यालयों में रनिंग वाटर उपलब्ध कराने हेतु 21 चापाकल अधिष्ठापित कराने की स्वीकृति वर्ष 2014-15 में सरकार से प्राप्त हुई थी, जिसमें जून, 2016 तक केवल 10 अदद चापाकल अधिष्ठापित किया गया है, यदि हाँ, तो विद्यालयों में शेष चापाकल अधिष्ठापन हेतु सरकार की क्या योजना है ?

--------

सामुदायिक भवन उपलब्ध कराना

*547. श्री श्याम रजक--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 31 जनवरी, 2017 को प्रकाशित शीर्षक ''निगम कार्यालय हटाने की माँग'' के आलोक में क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अम्बेडकर कम्युनिटी हॉल, राजेन्द्र नगर, पटना में नगर निगम कार्यालय चलता है, इससे आर्थिक रूप से कमजोर लोग यहाँ शादी तथा अन्य सामाजिक समारोह के आयोजन से वंचित हो जाते हैं, यदि हाँ, तो उक्त हॉल को खाली कराकर आमजन को समारोह हेतु उपलब्ध कराने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

--------

नियुक्त करना

*548. श्री समीर कुमार महासेठ--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्यभर में कुल 977 रिक्त पद के विरुद्ध 350 पशु चिकित्सक की संविदा पर नियुक्ति वर्ष 2009 से अभीतक सेवाविस्तार के माध्यम से चलती आ रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सेवाविस्तार में ढ़ाई से तीन माह तक लग जाता है जिससे साल के 12 (बारह) महीने में केवल नौ (9) माह का वेतन ही प्राप्त कर पाते हैं जिससे उन चिकित्सकों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सभी रिक्त पदों पर नियमित नियुक्ति हेतु सरकार की क्या योजना है ?

--------

चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति

*549. श्री चन्दन कुमार--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत अलौली पशु चिकित्सालय केन्द्र में वर्षों से चिकित्सक का पद रिक्त है, जिससे पशुओं का इलाज नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार वहाँ कबतक पशु चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

राजस्व कर्मचारियों का पदस्थापन

*550. श्री (डॉ०) विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत शेरघाटी विधान-सभा क्षेत्र के शेरघाटी, डोभी एवं आमस अंचल में राजस्व कर्मचारियों के कमी रहने के कारण राजस्व वसूली एवं अन्य कार्यों में लोगों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार वर्णित अंचलों में कबतक राजस्व कर्मचारियों के पदस्थापन का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जलापूर्ति करना

*551. श्री लालबाबू प्रसाद गुप्ता--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, ढाका अन्तर्गत प्रखंड चिरैया एवं पताही में हाईडेक स्वीट वाटर कम्पनी द्वारा मिनी वाटर सप्लाई कार्य करवाने की योजना विगत दो वर्षों से लंबित है, परन्तु कार्य नहीं प्रारंभ गया किया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कार्य को करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्थानान्तरित करना

*552. श्री सुनील कुमार--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत डुमरा अंचल कार्यालय प्रखंड मुख्यालय से करीबन 6 किलो मीटर की दूरी पर महसौल चौक सीतामढ़ी में स्थापित है, जबकि राज्य के सभी स्थानों पर अंचल कार्यालय एवं प्रखंड कार्यालय एक ही स्थान पर कार्यरत एवं संचालित है, यदि हाँ, तो प्रखंड मुख्यालय में ही उक्त अंचल कार्यालय स्थानान्तरित करने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

--------

पशु अस्पताल का निर्माण

*553. श्री उपेन्द्र पासवान--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के डंडारी प्रखंड अन्तर्गत महिपाटोल, हरदिया, पचरूखी एवं परतारपुर में एक भी मवेशी अस्पताल नहीं है, जबकि अधिसंख्यक लोग पशुपालन पर ही निर्भर हैं, यदि हाँ, तो सरकार बेगूसराय जिलान्तर्गत डंडारी प्रखंड के परतारपुर में कबतक मवेशी अस्पताल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

गोदाम एवं सामुदायिक भवन का निर्माण

*554. श्री (मो0) आफाक आलम--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखण्ड में पैक्स के लिये गोदाम एवं सामुदायिक भवन निर्माण हेतु आई0 सी0 डी0 एस0 योजनान्तर्गत पूर्णियाँ जिला को 58 करोड़ रुपये 2 वर्ष पूर्व आवंटन किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि कसबा पैक्स को 3 एकड़ 18 डीसमील जमीन उपलब्ध है, परन्तु अबतक सामुदायिक भवन व गोदाम का निर्माण नहीं हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो कसबा पैक्स गोदाम एवं सामुदायिक भवन के निर्माण नहीं होने का क्या औचित्य है ?

-----------

पदस्थापन करना

*555. श्री अमीत कुमार--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के बैरगनियाँ, सुप्पी एवं रीगा प्रखण्ड में पदस्थापित पशु चिकित्सक सप्ताह में एक या दो दिन ही पशुओं के इलाज हेतु उपस्थित रहते हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि एक पशु चिकित्सक एक प्रखण्ड के अलावे दो-दो अन्य प्रखण्डों के अतिरिक्त प्रभार में है, जिससे मवेशियों का इलाज समुचित रूप से नहीं हो पाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्डों में पशु चिकित्सकों के स्थायी पदस्थापन का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

सड़क का निर्माण कराना

*556. श्री (डॉ0) सुनील कुमार--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहारशरीफ नगर निगम क्षेत्र अन्तर्गत सोहसराय, अड्डापर अवस्थित विलटातर स्थित सामुदायिक भवन से महुआ टोला तक अभीतक सड़क निर्माण नहीं हुआ है, जिसके कारण आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार वर्णित सड़क कबतक बनाने का विचार करना है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

अतिक्रमण से मुक्ति

*557. श्री (डॉ0) सी0 एन0 गुप्ता--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि छपरा जिला के छपरा नगर के शिल्पी सिनेमा के पास एक पोखर है, जिसमें नगरपालिका द्वारा बाजार का कूड़ा-कचड़ा डाला जा रहा है एवं नगरवासियों द्वारा पोखर का भी अतिक्रमण कर लिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पोखर को कूड़ा एवं कचरा से मुक्त कराने के साथ-साथ पोखर के जमीन को अतिक्रमण से कबतक मुक्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बकाये खाद्यान्नों की आपूर्ति

*558. श्री सदानन्द सिंह--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्त संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के सन्हौला प्रखण्ड एवं गोराडीह प्रखण्ड में जन-वितरण दुकानदारों द्वारा अप्रैल, 2016 तक का खाद्यान्न वितरित की गयी है, परन्तु मई, 2016 से आजतक खाद्यान्न वितरण नहीं की गई है, यदि हाँ, तो सरकार पिछले बकाये खाद्यान्नों की आपूर्ति कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

जलापूर्ति करना

*559. श्री सुधांशु शेखर--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिले के गुरारू प्रखण्ड गुरारू बाजार में वर्षों पूर्व हर घर तक पाइप से पानी पहुँचाने की योजना का शिलान्यास किया गया था, परन्तु पानी टंकी लग जाने के बाद भी पानी की आपूर्ति नहीं की गई है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

------------

पुनःनिर्माण कराना

*560. श्री नन्द कुमार राय--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत मोतीपुर नगर पंचायत के एन0 एच0 28 मोतीपुर से रेलवे गुमटी होते हुये विशहर स्थान पर मुख्यमंत्री शहरी विकास योजनान्तर्गत सड़क का निर्माण डुडा एजेन्सी, मुजफ्फरपुर द्वारा एक माह पूर्व किया गया है, लेकिन उक्त सड़क का निर्माण प्राक्कलन के अनुरूप नहीं होने के कारण सड़क टूटना शुरू हो गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार प्राक्कलन के अनुसार सड़क निर्माण नहीं करने वाले संवेदक एवं दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करते हुये सड़क का पुनः निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

कोल्ड स्टोरेज स्थापित करना

*561. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के आजमनगर प्रखण्ड अन्तर्गत आलू तथा आम उत्पादक किसानों को कोल्ड स्टोरेज के अभाव में आलू, आम के स्टोर हेतु पश्चिम बंगाल राज्य जाना पड़ता है;

(2) क्या यह बात सही है कि आजमनगर प्रखण्ड में ही राज्य सरकार की कृषि फार्म की जमीन उपलब्ध है, यदि हाँ, तो उक्त जमीन पर कोल्ड स्टोरेज स्थापित करने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

अनियमितता की जाँच

*562. श्री अनिल सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला में वर्ष 2011-12 से 2016-17 तक में नगर पंचायत, सिलाव, नालन्दा द्वारा वार्ड नं० 2 में विधायक योजना से गाड़े गये इंडिया मार्क-3 चापाकल, सबमर्सिबल पम्प लगाकर एवं मोटर का भुगतान ले लिया गया, निकाय मद के चापाकलों को निजी घरों एवं खेतों में गाड़ दिया गया एवं 2016-17 में 60 लाख की राशि से बिना ई-टेंडर किये विभागीय तौर पर दो माह पूर्व चाईनीज एल०ई०डी० लाईट लगा दी गयी जो एक माह के अन्दर खराब हो गयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार नगर पंचायत, सिलाव, नालंदा द्वारा योजनाओं के कार्यान्वयन में बरती गयी अनियमितता को जाँच कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

गोशाला का जीर्णोद्धार

*563. श्री लालबाबू प्रसाद गुप्ता--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 26 नवम्बर, 2016 को प्रकाशित शीर्षक ''अस्तित्व बचाने को संघर्षरत गोशाला'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के पताही प्रखंड के जिहुली पंचायत में 7 एकड़ में सरकरी गोशाला स्थित है, जो देख-रेख के अभाव में कुव्यवस्था का शिकार हो गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गोशाला का जीर्णोद्धार कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

चापाकल लगाना

*564. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत भरगामा प्रखण्ड में राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के तहत गुणवत्ता प्रभावित टोलों में आई०आर०पी० के साथ 90 अदद चापाकल 31 मार्च, 2012 तक अधिष्ठापित कराना था, जबकि जून, 2016 तक 42 चापाकल ही अधिष्ठापित किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार शेष 48 चापाकल अधिष्ठापित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

दोषियों पर कार्रवाई

*565. श्री (डॉ०) रामानुज प्रसाद--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर प्रखंडान्तर्गत भरपुरा/दुधैला/खरीका आदि पंचायतों के किसानों को बिना आवेदन-पत्र समर्पित किये पदाधिकारियों की मिलीभगत से वर्ष 2015-16 में अनुदान की राशि की निकासी कर ली गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त संबंध में भरपुरा निवासी श्री मनोज कुमार सिंह द्वारा दिसम्बर, 2016 में जिला कृषि पदाधिकारी को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई थी, परन्तु अभीतक कोई कार्रवाई नहीं हुई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जलमीनारों को चालू कराना

*566. श्री उपेन्द्र पासवान--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बखरी प्रखण्ड अन्तर्गत नगर पंचायत बखरी के गौशाला, कामास्थान, मक्खाचक एवं शकरपुरा में एक-एक जलमीनार (पानी टंकी) का निर्माण 15 वर्ष पूर्व हुआ था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त चारों जलमीनार (पानी टंकी) अपने निर्माण के समय से कुछ ही दिन चलने के बाद बन्द हो गया एवं आजतक ये चारों जलमीनार बन्द है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बन्द पड़े जलमीनारों (पानी टंकी) को चालू कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

चापाकलों की जाँच

*567. श्रीमती कुंती देवी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत अतरी विधान-सभा क्षेत्र के चारों प्रखण्डों में वित्तीय वर्ष 2015-16 में लगाये गये चापाकल मानक एवं प्राक्कलन के विपरीत है, साथ ही निजी मकान में चापाकल लगाया गया है, यदि हाँ, तो सरकार लगाये गये चापाकलों की जाँच कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

विद्युत् शक्ति उप-केन्द्र का निर्माण

*568. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परसौनी अंचल अन्तर्गत 33/11 के०वी०ए० विद्युत् शक्ति उप-केन्द्र के निर्माण हेतु अनुमंडल पदाधिकारी, बेलसंड द्वारा पत्रांक 301, दिनांक 16 सितम्बर, 2016 द्वारा रैयती भूमि का अभिलेख संख्या 01/2016-17 का मूल्य निर्धारण हेतु अपर समाहर्ता, सीतामढ़ी को पत्र लिखा गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि अपर समाहर्ता, सीतामढ़ी के पत्रांक 2254/200, दिनांक 20 अक्टूबर, 2016 द्वारा अंचल पदाधिकारी, परसौनी को स्वामित्व प्रतिवेदन एवं भूमि का मूल्य निर्धारण कर प्रतिवेदन पत्र प्राप्ति के दो दिनों के अन्दर उपलब्ध कराने का आदेश दिया गया था ;

(3) क्या यह बात सही है कि अबतक भूमि का मूल्य निर्धारण अंचल पदाधिकारी, परसौनी ने नहीं की है, जिससे चयनित भूमि पर 33/11 के०वी०ए० के विद्युत् शक्ति उप-केन्द्र का निर्माण नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है?

---------

दवा उपलब्ध कराना

*569. श्री लक्ष्मेश्वर राय--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत खुटौना प्रखंड मुख्यालय एवं लौकही प्रखंड मुख्यालय में पशु चिकित्सालयों में दवा नहीं रहने के कारण गरीब पशुपालकों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पशु चिकित्सालयों में कबतक दवा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रमाण-पत्र बनाना

*570. श्री महबूब आलम--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बारसोई प्रखण्ड के मौलानापुर, रघुनाथपुर, सुल्तानपुर पंचायतों को लेकर नगर पंचायत बनाने की घोषणा पंचायत चुनाव 2016 के ठीक पहले किया गया था, जिसका अबतक कार्यान्वयन नहीं हो पाया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायतों में जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र न तो पंचायत निर्गत कर रही है और न ही प्रस्तावित नगर पंचायत द्वारा अलग से कोई व्यवस्था किया गया है जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नगर पंचायत को मूर्त रूप देकर अथवा अन्य कोई व्यवस्था के तहत उक्त पंचायतों के लिये जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र बनाने की व्यवस्था करना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

राशि उपलब्ध कराना

*571. श्री राजीव कुमार उर्फ मुन्ना यादव--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समग्र गव्य विकास योजना के तहत बैंक के माध्यम से उद्यमकर्ता को अनुदान भुगतान की जाती है;

(2) क्या यह बात ही है कि मुजफ्फरपुर जिला में मीनापुर प्रखंड अन्तर्गत पिछले 2 वर्षों से गव्य विकास कार्यालय द्वारा स्वीकृत अनुदान की राशि का भुगतान उद्यमकर्ताओं को नहीं हो पाया है, जिससे उद्यमकर्ता को काफी कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड के उद्यमकर्ताओं को अनुदान देने हेतु राशि मुहैया कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

जमीन उपलब्ध कराना

*572. श्री नरेन्द्र नारायण यादव--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि आवासविहीन अनुसूचित जाति एवं जनजाति तथा अतिपिछड़े वर्ग के सुयोग्य श्रेणी के लोगों को सरकार द्वारा पाँच डीसमील जमीन देकर बसाने का प्रावधान है;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला मधेपुरा अन्तर्गत अंचल आलमनगर के अधीन ग्राम-रतवाड़ा, अंचल पुरैनी के अधीन ग्राम-बालाटोला, ग्राम-बथनाहा अंचल, उदाकिशुनगंज के अधीन ग्राम-रहुआ के अनुसूचित जाति एवं अतिपिछड़े एवं पिछड़े वर्ग के बहुत लोग अभीतक आवासविहीन हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त गाँवों का सर्वेक्षण कराकर सुयोग्य श्रेणी के लोगों को 5 डीसमील जमीन उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

जलमीनार चालू करना

*573. श्री कृष्ण कुमार ऋषि--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ नगर पंचायत में सदर अस्पताल परिसर, रामजानकी मेला परिसर, गुलबाग मेला सहित 5 स्थानों पर 1.5 लाख लीटर क्षमता वाले जलमीनार का निर्माण 2007-08 में शुरू किया गया, जिसे सितम्बर, 2011 में पूरा हो जाना था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जलमीनार में मोटर पाइप लाइन सहित अन्य कार्य कराये गये हैं, लेकिन अभीतक चालू नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त जलमीनारों को कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अवैध कब्जा से मुक्ति

*574. श्री रामप्रीत पासवान--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बाबूबरही प्रखण्डान्तर्गत ग्राम पंचायत मिसौलिया के ग्राम-बड़हारा में थाना नं० 186, खाता नं० 370, खेसरा नं०-534, प्लॉट नं०-370 कुल रकबा 22 कट्ठा का एक पोखरा है, जिसमें 11 कट्ठा मो० दाउद अंसारी एवं मो० इरशाद अंसारी, ग्राम-बड़हरा के नाम रैयती जमीन एवं 11 कट्ठा आम गैर-मजरूआ जमीन है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त 11 कट्ठा आम गैर-मजरूआ पोखरा का मत्स्य पालन हेतु अंचलाधिकारी, बाबूबरही द्वारा आजतक बन्दोबस्ती नहीं किये जाने के कारण उक्त गाँव के ही मो० जाकीर, पिता मो० युनूस, मो० नमाज, पिता-मो० उस्मान, मो० सुबहान, पिता-फकीर मोहम्मद आदि द्वारा उक्त सम्पूर्ण पोखरा का अवैध कब्जा कर मत्स्य पालन का कार्य किया जा रहा है, जिससे सरकारी राजस्व की प्रत्येक वर्ष क्षति हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पोखरा को अवैध कब्जा से मुक्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

पेयजल उपलब्ध कराना

*575. श्री निरंजन राम--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत कुदरा प्रखण्ड मुख्यालय के कुदरा बाजार में पानी टंकी का पाइप फूटा रहने से दूषित जल पुनः टंकी में प्रवेश करने के कारण 10 हजार की आबादी को स्वच्छ पेय-जल से वंचित रहना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार टूटे पाइप को बदल कर लोगों को कबतक शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

जलापूर्ति करना

*576. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के प्रखंड बसंतपुर में बसाँव, प्रखंड परिसर बसंतपुर में 15 वर्ष पूर्व जलमीनार तथा 6 माह पहले लघु जलमीनार कन्हौली में बना हुआ है, परन्तु पाइप नहीं बिछाये जाने के कारण उस क्षेत्र के लोगों को जलापूर्ति नहीं हो पा रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जलमीनारों से लाभुकों को कबतक जलापूर्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

जलापूर्ति बहाल करना

*577. श्री (डॉ०) संजीव चौरसिया--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना नगर निगम क्षेत्र के सभी वाटर पम्पों को सभी जलापूर्ति पाइपों से जोड़कर जलापूर्ति करने का निर्णय सरकार द्वारा वर्ष 2010 में लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना नगर निगम के वार्ड संख्या 5 के राजा बाजार, माप-तौल कार्यालय कैम्पस में स्थापित वाटर पम्प से बेली रोड के जलापूर्ति पाइप में जोड़ा गया था;

(3) क्या यह बात सही है कि बेली रोड फ्लाई ओभर बनने के क्रम में बेली रोड जलपूर्ति से वाटर पम्प वाली पाइप टूट गई फलस्वरूप बोर्ड के अभियंताओं द्वारा लकड़ी का गुल्ला पाइप में ठोककर पानी के बहाव को रोक दिया गया जिसके कारण बेली रोड के सटे स्थानीय लोगों के घरों के नल में पानी नहीं पहुँच रहा है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार टूटी पाइप को बदलकर पुनः बेली रोड जलापूर्ति पाइप में जोड़कर जलापूर्ति बहाल करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक ?

राशन कार्ड उपलब्ध कराना

*578. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला परिषद के वार्ड नं० 20 के मीना देवी जैसे कई अन्य बी० पी० एल० कार्डधारी को कूपन तो उपलब्ध है , किन्तु डीलर द्वारा उनको राशन-किरासन नहीं दिया जाता है; यदि हाँ, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर उक्त लाभुकों को राशन-किरासन उपलब्ध कराने पर विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*579. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत अंचल जितवारपुर में मौजा नीरपुर स्थित वार्ड नं० 6 (महादलित टोला) में मुख्य सड़क (रामचन्द्र महतो के घर के निकट) से जागो दास के घर तक आने-जाने के लिये सम्पर्क-सह-पहुँच पथ नहीं होने के कारण आम लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार ऊपर वर्णित महादलित टोला में सम्पर्क-सह-पहुँच पथ का कबतक निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---

जलमीनार टंकी का रिसाव से मुक्ति

*580. डॉ० शकील अहमद खाँ--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत डंडखोरा प्रखंड के डंडखोरा पंचायत के प्रेमनगर टोला एवं मुस्लिम टोला में जलमिनार का पाइप लाइन फटा हुआ है तथा उक्त जलमीनार का टंकी में भी रिसाव विगत एक वर्षों से हो रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त जलमीनार के प्रेमनगर टोला एवं मुस्लिम टोला का पाइप लाईन का पाइप बदलने के साथ ही जलमीनार के टंकी का रिसाव से मुक्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

शवदाह गृह का निर्माण

*581. श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत बाल्मीकिनगर में तामसा, सोनभद्र एवं गंडक नदी के संगम पर होने के कारण उक्त जिला की जनता धार्मिक महत्ता को देखते हुये संगम के नदी किनारे दाह संस्कार के लिये आते हैं, जहाँ शवदाह गृह नहीं है तथा बाल्मीकिनगर वन क्षेत्र होने के कारण लकड़ी मिलने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार वर्णित स्थान के महत्ता को देखते हुये बाल्मीकिनगर के त्रिवेणी के संगम के पास शवदाह गृह निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

संवेदक पर कार्रवाई

*582. श्री कुमार सर्वजीत--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत बोध गया प्रखंड में डी० एफ० आई० डी० के तहत सम्पोषित बकरौर पंचायत पाइप जल आपूर्ति योजना का कार्य वर्ष 2014-15 में समाप्त कर देना था;

(2) क्या यह बात सही है कि संवेदक द्वारा आजतक उक्त योजना को पूर्ण नहीं की गयी है साथ ही उक्त योजना के प्राक्कलन के अनुसार सामग्री प्रयोग नहीं किया जा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार संवेदक पर कार्रवाई करते हुये इस योजना को शीघ्र पूरा कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

गोदाम का निर्माण

*583. मो० तौसीफ आलम--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरगंज प्रखंड में लोहागाड़ा हाट एवं क्यसाईल हाट में पैक्सों के माध्यम से धान, गेहूँ, अनाजों की खरीद काफी मात्रा में होती है, लेकिन उक्त खरीदे गये अनाज को रखने हेतु गोदाम नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार पैक्सों के माध्यम से खरीदे गये अनाजों को रखने हेतु गोदाम का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पानी टंकी का निर्माण

*584. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत नौहटा प्रखंड, उल्लीबनाही पंचायत के दर्जनों गाँव सहित टीपा गाँव में गर्मी के दिनों में पीने का पानी नहीं मिल पाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक ऊपर वर्णित गाँवों में पानी टंकी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का निर्माण

*585. श्री रामचन्द्र सहनी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण अन्तर्गत प्रखंड सुगौली के भटवलिया कॉलनी महादलित बस्ती जिसकी आबादी 200 से अधिक है सम्पर्क पथ से वंचित है, जिसके कारण आवागमन में कष्ट का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार महादलित बस्ती के आवागमन हेतु कबतक जमीन उपलब्ध कराकर सम्पर्क पथ बहाल कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

राशि उपलब्ध कराना

*586. श्री रामसेवक सिंह--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिले के दस प्रखण्डों में जीविका के माध्यम से 7000 परिवारों को 150 चूजे देकर लाभान्वित किये जाने का लक्ष्य है, जिसमें मात्र 4500 परिवारों को सिर्फ 50 चूजे हीं दिये गये हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि जीविका के द्वारा समेकित मुर्गी विकास योजना की राशि विभाग को वापस किये जाने के कारण गोपालगंज सहित राज्य के सभी जिलों में इस योजना का कार्यान्वयन बाधित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जीविका को राशि उपलब्ध कराते हुये गोपालगंज सहित पूरे राज्य में इस योजना को पूरा कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

जीविका को राशि उपलब्ध कराना

*587. श्री रामसेवक सिंह--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2016-17 में जीविका द्वारा समेकित बकरी एवं भेड़ विकास योजना अन्तर्गत राज्य में अनुसूचित जाति के 8300 परिवारों के बीच नि:शुल्क बकरियों का वितरण किये जाने का लक्ष्य है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जीविका द्वारा समेकित मुर्गी विकास योजना की राशि की उपयोगिता प्रमाण-पत्र उपलब्ध नहीं कराने के कारण विभाग द्वारा समेकित बकरी एवं भेड़ विकास योजना का कार्यान्वयन बाधित रखा गया है, जबकि दिसम्बर, 2016 में ही उपयोगिता प्रमाण-पत्र उपलब्ध करा दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जीविका को राशि उपलब्ध कराते हुये अनुसूचित जाति के परिवारों को इस योजना से लाभान्वित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क एवं साफ-सफाई की व्यवस्था

*588. श्री प्रमोद कुमार--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिले में मोतिहारी शहर मुख्यालय में बाजार समिति स्थित है, जिसमें लगभग 500 दुकान किसानों के उत्पादित वस्तुओं का क्रय-विक्रय हेतु एवं वेयर हाउस स्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि दुकान एवं वेयर हाउस से प्रतिवर्ष लाखों रुपये राजस्व के रूप में सरकार को प्राप्त होती है, परन्तु किसान एवं व्यापारियों के चलने का मार्ग बुनियादी सुविधा एवं दुकानों की मरम्मती साफ-सफाई आदि नहीं होने के कारण अराजकता की स्थित उत्पन्न होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अपने प्राप्त राजस्व से बाजार समिति को बुनियादी सुविधा एवं किसानों एवं दूकानदारों की आवागमन हेतु सड़क, साफ-सफाई आदि की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चापाकल लगाना

*589. श्री (डॉ०) सी०एन० गुप्ता--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत छपरा विधान-सभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री चापाकल योजनान्तर्गत 2015-16 में कुल 200 चापाकल लगना था, लेकिन अभीतक आधा चापाकल ही लगाये गये हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य मंडल, छपरा के पत्रांक-2521, दिनांक 20 दिसम्बर, 2016 द्वारा श्री अजय कुमार यादव, ग्राम-बगही, पो०-फेकसा, छपरा श्री विकास सिंह, ग्राम+पोस्ट-मुकरेरा जिला छपरा एवं श्री रूपेश कुमार, ग्रा०-दहियाँवा टोला, शिक्षक कॉलोनी, छपरा को गुणवत्तायुक्त कार्य द्रुतगति से कराने का निर्देश किया गया है, लेकिन अभीतक शेष आधे बचे हुये चापाकल लगाने की कार्रवाई पूरी नहीं की गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विधान-सभा क्षेत्र में शेष बचे हुये चापाकलों को शीघ्र लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पशु चिकित्सालय स्थापित करना

*590. श्रीमती (डॉ०) रंजु गीता--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बाजपट्टी प्रखंड के मधुबन बसहा पश्चिमी पंचायत के आमजनों का जीविकोपार्जन का मुख्य स्रोत गाय, भैंस, बकरी एवं मुर्गी पालन है, जहाँ एक भी पशु चिकित्सालय नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार वर्णित गाँव में कबतक उप-पशु चिकित्सालय स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

हेल्थ कार्ड उपलब्ध कराना

*591. श्री मिथिलेश तिवारी--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि केन्द्र सरकार द्वारा मिट्टी की गुणवत्ता की जानकारी के लिये मृदा हेल्थ कार्ड किसानों को उपलब्ध कराने के लिये राज्य सरकार को एक करोड़ रुपये वित्तीय वर्ष 2016-17 में उपलब्ध कराया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि 72 लाख किसानों में से मात्र 15 लाख 95 हजार किसानों को ही मृदा हेल्थ कार्ड अभीतक मिल पाया है, शेष 58 लाख किसान मृदा हेल्थ कार्ड से वंचित हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शेष किसानों को मृदा हेल्थ कार्ड उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

वाहन उपलब्ध कराना

*592. श्री निरंजन कुमार मेहता--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला अन्तर्गत ग्वालपाड़ा एवं बिहारीगंज अंचल में सरकारी वाहन उपलब्ध नहीं रहने से अंचल कार्यों के निरीक्षण एवं अनुश्रवण में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अंचलों में सरकारी वाहन उपलब्ध कराने का विचार रखती है ?

---------

स्थानान्तरित करना

*593. श्री शम्भुनाथ यादव--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि आरा जिला के बक्सर जिला बने लगभग 30 वर्ष से अधिक समय हो गया है तथा बक्सर जिला के सर्वे ऑफिस आरा जिला में पदस्थापित है, जिससे आरा आने में गरीब जनता को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार सर्वे ऑफिस को कबतक आरा जिला से बक्सर जिला में स्थानांतरित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

शवदाह गृह चालू करना

*594. श्री प्रमोद कुमार--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला मोतिहारी शहर के निकट कुँवारी देवी चौक, लखौरा-छौड़ादानो पथ के सटे विद्युत् शवदाह गृह का निर्माण कराया गया है जो पिछले 5 वर्षों से विद्युत् उपकरण के अभाव में बन्द पड़ा है, यदि हाँ, तो इसे चालू कराने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

----------

जाम से मुक्ति

*595. श्री सुरेश कुमार शर्मा--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर शहर की सरैयागंज टावर से कंपनीबाग, जिलाधिकारी आवास, जूरण छपड़ा भाया ब्रह्मपुरा होते हुये एन० एच० 28 लक्ष्मी चौक तक की पथ में बढ़ती आबादी तथा सड़क की चौड़ाई कम होने के कारण प्रतिदिन जाम लगी रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार सिकंदरपुर, अखाड़ा घाट चौक (अजगवीनाथ) मँदिर से भाया जोगिया मठ, मुजफ्फरपुर क्लब के पीछे जूरण छपड़ा रोड नं० 1,2,3,4,5 के पीछे से लक्ष्मी चौक, नई सड़क होते हुये दाऊदपुर कोठो के पीछे से एन० एच० 77 तक नई पथ का निर्माण कराकर जाम की समस्या से निजात दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

खाद एवं बीज उपलब्ध कराना

*596. श्रीमती (डॉ०) रंजु गीता--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत प्रखण्ड बाजपट्टी, नानपुर एवं बोखड़ा में जिला कृषि एवं प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी के द्वारा राज्य या केन्द्र पोषित योजनाओं की अनदेखी करने के कारण स्थानीय कृषकों को ससमय खाद एवं बीज उपलब्ध नहीं कराया जाता है और किसानों के बीच कृषि संबंधी जागरूकता हेतु प्रचार-प्रसार भी नहीं किया जाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक संबंधित पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने के साथ ही खाद एवं बीज ससमय उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

कार्रवाई करना

*597. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण के कोटवा प्रखंड सहित राज्य के अन्य हिस्से में बैल तस्कर काफी सक्रिय हैं और मांस का अवैध व्यापार करने वाले लोग राजकीय पशु को विलुप्त करते जा रहे हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार राजकीय पशु को संरक्षित एवं समवर्धित करने एवं उक्त अवैध तस्करी में लगे लोगों को चिन्हित कर कठोर कार्रवाई करने तथा राजकीय पशु की संख्या बढ़ाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*598. श्री प्रभुनाथ प्रसाद--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के अगियाँव प्रखंड मुख्यालय एवं गड़हनी प्रखंड मुख्यालय में बीज प्रोसेसिंग यूनिट का भवन नहीं रहने के कारण किसानों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त वर्णित स्थानों पर बीज प्रोसेसिंग यूनिट का भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

प्रतिनियुक्ति करना

*599. श्री केदार प्रसाद गुप्ता--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत कुढ़नी प्रखंड में पशु चिकित्सालय नहीं है, जिससे पशु का इलाज नहीं हो पाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पशु चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

किसानों को मुआवजा देना

*600. श्री राजीव कुमार उर्फ मुन्ना यादव--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत मीनापुर प्रखण्ड में जनवरी, 2017 में ओला वृष्टि होने के कारण मकई एवं आलू का फसल बर्बाद हो गया है, यदि हाँ, तो प्रभावित कृषकों को मुआवजा देने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

----------

दोषी पर कार्रवाई

*601. डॉ० (मो०) नवाज आलम--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला एवं आरा विधान-सभा क्षेत्र के कई स्थानों में दिनांक 8 दिसम्बर, 2016 को जन-वितरण प्रणाली की दुकानों का विभागीय मंत्री द्वारा निरीक्षण किया गया था तथा कुछ दुकानदारों को नियम के विरुद्ध पाया गया था, यदि हाँ, तो निरीक्षण के क्रम में पाये जाने वाले दोषी पर कबतक कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

भूमि का लगान काटना

*602. श्री ललन पासवान- क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत नौहट्टा प्रखंड के शाहपुर, दारानगर, मदारा, रोहतास प्रखंड के नावाडीह, उचैला, अकबरपुर सहित दर्जनों पंचायतों के सोन नदी के मध्य में एक हजार एकड़ कृषि योग्य भूमि है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त भूमि पर भूमिहीन किसान खेती कर जीविकोपार्जन करते थे तथा वर्ष 2002 तक उक्त भूमि का लगान भी किसानों द्वारा कटाया गया है, लेकिन सरकार द्वारा वर्ष 2002 के बाद रसीद काटना बंद कर दिया गया है, जिससे हजारों किसानों का खेती करना बंद हो गया है, फलस्वरूप वे भूखमरी के कगार पर है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त भूमि को गरीब किसानों को पूर्व के भाँति देकर लगान काटने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

आवंटन नहीं करने का औचित्य

*603. श्री संजय सरावगी- क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि आवास बोर्ड कॉलोनी लहेरियासराय में फरवरी, 2016 में 198 आवंटित भू-खंडों में से एच० पी० 121 सहित 82 भू-खंड अतिक्रमित पाये गये हैं, जबकि एच० पी० 121 का पूर्ण मूल्य जमा रहने के बावजूद इसको छोड़कर सभी का पुनरावंटन कर दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि कार्यपालक अभियंता, बिहार राज्य आवास बोर्ड, दरभंगा ने अपने पत्रांक 96, दिनांक 4 मार्च, 2016 के द्वारा इसे अतिक्रमण मुक्त कराने में अपनी असमर्थता व्यक्त की है, यदि हाँ, तो एच० पी० 121 के आवंटी को दूसरा भू-खंड आवंटित नहीं किये जाने का क्या औचित्य है ?

चहारदीवारी बनाना

*604. श्री मुजाहिद आलम -क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिले के कोचाधामन प्रखंड अन्तर्गत प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय, बिशनपुर का भवन काफी पुराना, जर्जर एवं चहारदीवारी विहीन है, यदि हाँ, तो सरकार प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय, बिशनपुर का भवन एवं चहारदीवारी निर्माण का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पशु अस्पताल का निर्माण

*605. श्री प्रभुनाथ प्रसाद- क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के अगिआँव प्रखंड अन्तर्गत पवना पंचायत में पशु अस्पताल नहीं रहने के कारण पशुपालकों को इलाज कराने हेतु 10 किलो मीटर की दूरी तय कर दूसरे स्थान पर जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पशु अस्पताल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

शौचालय का निर्माण

*606. (डॉ०) मो० नवाज आलम--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1)क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला अन्तर्गत आरा विधान सभा क्षेत्र में धरहरा पुल के निकट बघउतर बिन्द टोली में ज्यादातर गरीब बिन्द जाति के लोग निवास करते हैं;

(2)क्या यह बात सही है कि उक्त बिन्द टोली एवं आरा शहर के गरीब पिछड़े इलाके मारुतीनगर बिन्द टोली, अनाई दलित बस्ती में अभीतक शौचालय निर्माण नहीं हुआ है;

(3)यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शहर के उक्त दलित एवं गरीब इलाकों में शौचालय निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण कराना

*607. श्री दिनेश चन्द्र यादव--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1)क्या यह बात सही है कि महादलित परिवार के टोले से निकलने के लिये कोई रास्ता नहीं हो तो जमीन अधिग्रहित कर उसे सड़क उपलब्ध कराने की सरकार की योजना है;

(2)क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत सिमरी-बख्तियारपुर प्रखंड के तरियामा पंचायत में नसरत चकला मुसहरी में 200 महादलित परिवार बसे हुये हैं, जिन्हें मुख्य सड़क पर आने के लिये कोई रास्ता नहीं है;

(3)यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नसरत चकला मुसहरी के महादलित परिवार को जमीन अधिग्रहित कर सड़क उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

प्रतिनियुक्त करना

*608. श्रीमती गायत्री देवी--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सोनबरसा प्रखंड अन्तर्गत एम० ओ० की प्रतिनियुक्ति नहीं होने के कारण खाद्य सुरक्षा कानून के तहत गरीबों को मिलने वाला गेहूँ, चावल का ठीक ढ़ंग से वितररण नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार सोनबरसा प्रखंड में एम० ओ० की प्रतिनियुक्त कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई

*609. श्रीमती भागीरथी देवी--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 6 अक्टूबर, 2016 के अंक में प्रकाशित समाचार शीर्षक "ईओ पर मुख्य पार्षद ने लगाया हेरा फेरी का आरोप" के आलोक में क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेतिया जिलान्तर्गत प्रखंड रामनगर के नगर पंचायत के ईओ द्वारा हेरा-फेरी के साथ घटिया निर्माणों को भी अंजाम दिया जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार नगरपालिका अधिनियम 2007 की धारा (अ) (1) 41, 22, 37 (7) (4) का उल्लंघन करते हुये अवैध ढ़ंग से ईओ ने छुठिगाघाट के सौन्दर्यीकरण कार्य का भुगतान किया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जलापूर्ति करना

*610. श्रीमती कुंती देवी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत नीमचक बथानी प्रखण्ड मुख्यालय में जलमीनार विगत तीन वर्षों से बनकर तैयार है, परन्तु उक्त जलमीनार के इर्द-गिर्द पाइप बिछाने का काम नहीं किया गया है जिससे प्रखण्ड के कर्मचारियों एवं आस-पास के ग्रामीणों को शुद्ध जलापूर्ति नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार पाइप बिछवाकर कबतक जलापूर्ति करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का पक्कीकरण करना

*611. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा नगर पंचायत के वार्ड नं० 17 में अनुसूचित जनजाति टोला से पोखर टोला मदरसा तक की सड़क कच्ची है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क कच्ची होने के कारण वाहन के आवागमन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सड़क का कबतक पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पानी टंकी को चालू कराना

*612. श्री (डॉ०) विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत डोभी प्रखण्ड के डोभी में पानी टंकी का मोटर करीब 1 वर्ष से बन्द रहने से नागरिकों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति नहीं हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार नागरिकों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति हेतु कबतक मोटर बदलकर पानी टंकी को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

राशि वापस करना

*613. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत कटिहार प्रखण्ड के भवाड़ा पंचायत में स्व० योगेन्द्र प्रसाद रजक अनुज्ञप्ति संख्या 75/85 जन-वितरण प्रणाली विक्रेता की मृत्यु 16 जनवरी, 2014 को हो गई है एवं उनके द्वारा दिसम्बर, 2013 एवं जनवरी, 2014 में बी०पी०एल० एवं अन्त्योदय आवंटन के विरुद्ध 1 लाख 85 हजार 636 रुपये बिहार राज्य खाद्य निगम, कटिहार में जमा की गई है, लेकिन अभीतक राशि उनके आश्रितों को वापस नहीं की गई है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त राशि उनके आश्रितों को कबतक वापस करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अतिक्रमण से मुक्ति

*614. श्री मदन मोहन तिवारी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत मझौलिया बाजार का 12 एकड़ भूमि आवंटित है जिसमें 10 एकड़ भूमि अतिक्रमण हो गया है तथा दो एकड़ भूमि में बाजार लगता है, जिसके कारण बाजार के अस्तित्व पर संकट मंडराने लगा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त बाजार भूमि को कबतक अतिक्रमण मुक्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

जलापूर्ति करना

*615. श्री आबिदुर रहमान--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला अन्तर्गत अररिया प्रखण्ड के चन्द्रदेई गाँव में सभी गाँवों के पुराने जलापूर्ति स्रोत का जीर्णोद्धार कर दिया गया है, परन्तु चापाकल का जीर्णोद्धार नहीं होने से हजारों ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार चन्द्रदेई गाँव में जलापूर्ति का जीर्णोद्धार का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

ऋण का भुगतान

*616. श्री दिनेश चन्द्र यादव--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, सहरसा के पत्रांक 273, दिनांक 22 मई, 2015 के आलोक में शाखा प्रबंधक आई०डी०बी०आई०, कहरा शाखा, सहरसा से राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अन्तर्गत श्रीमती उमाकान्ति, देवी पति जगदीश प्रसाद सिंह, ग्राम-चकभारो, प्रखंड-सिमरी बख्तियारपुर, जिला-सहरसा को पोखर निर्माण के लिये 3.25 लाख रुपये ऋण की स्वीकृति हुई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि श्रीमती उमाकान्ति देवी द्वारा पोखर का निर्माण पूर्ण करने के बाद भी मत्स्य पदाधिकारी, सहरसा द्वारा बैंक मैनेजर को कार्य पूर्ण का प्रमाण-पत्र नहीं देने के कारण उसे ऋण की राशि नहीं मिल रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार श्रीमती उमाकान्ति देवी को ऋण भुगतान कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

बीज प्रोसेसिंग यूनिट का निर्माण

*617. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के पुपरी अनुमंडल मुख्यालय में बीज प्रोसेसिंग यूनिट का भवन नहीं रहने के कारण किसानों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त बीज प्रोसेसिंग यूनिट के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पार्क बनाना

*618. श्री अत्री मुनी उर्फ शक्ति सिंह यादव--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के हिलसा नगर परिषद् स्थित खाली पड़े भू-खंड को पार्क बनवाने हेतु डी0 पी0 आर0 बनाकर नगर विकास विभाग को एक वर्ष पूर्व भेजा जा चुका है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पार्क बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कर्मचारियों का पदस्थापन

*619. श्री वशिष्ठ सिंह--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत अंचल करगहर में 20 ग्राम पंचायत एवं 257 राजस्व ग्राम है ;

(2) क्या यह बात सही है कि करगहर अंचल में मात्र पाँच ही राजस्व कर्मचारी पदस्थापित हैं ;

(3) क्या यह बात सही है कि राजस्व कर्मचारी के कमी के कारण भूमि एवं राजस्व से संबंधित कार्य ससमय निष्पादित नहीं होने से ग्रामीणों को कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

भू-अभिलेख का डिजिटलाइजेशन

*620. श्री जयवर्द्धन यादव--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के पालीगंज अनुमंडल अन्तर्गत पालीगंज अंचल एवं दुल्हिनबाजार अंचल कार्यालय में मौजूद जमाबंदी रजिस्टर (रजिस्टर-2) पिछले पाँच वर्षों से फटेहाल स्थिति में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि रजिस्टर-2 के कई पन्ने गायब रहने के कारण अंचल कार्यालय के पदाधिकारी मनमाने तरीके से जमाबंदी रसीद काटते हैं, जिसके कारण आमजनों को कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोनों अंचलों के जमाबंदी रजिस्टर-2 को सही स्थिति में करवाने के साथ ही दोनों अंचल कार्यालयों में भू-अभिलेख का डिजिटलाइजेशन कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

शौचालय का निर्माण

*621. श्री (डॉ0) राजेश कुमार--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत केसरिया नगर पंचायत में कैसरनाथ मंदिर के दर्शन हेतु देश-विदेश के श्रद्धालु आते हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त मंदिर परिसर के पास कबतक सुलभ शौचालय का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जल निकासी करना

*622. श्री कुमार सर्वजीत--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत बोधगया नगर पंचायत में अम्वॉ पईन एक मात्र रास्ता है; जिसे समस्तीपुर से चाईना मंदिर एवं वाईपास तक पईन के रास्ते पर आम लोगों द्वारा अतिक्रमण कर बंद कर दिये जाने के कारण बरसात के दिनों में बोधगया शहरी क्षेत्र का अधिकतर भाग विगत 5 वर्षों से जलमग्न हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पईन को कबतक अतिक्रमण मुक्त कराकर जलनिकासी हेतु कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*623. श्रीमती अमिता भुषण--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बीरपुर प्रखण्ड के बीरपुर, जगदर पंचायत के फजिलपुर गाँव में स्थित पशु चिकित्सालय आधारभूत संरचना और उचित देख-रेख के अभाव में मृतपाय अवस्था में है, जिससे प्रखंड के पशुपालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पशु चिकित्सालय को सुचारू रूप से चलाने के लिये कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

किसानों को क्षतिपूर्ति का अनुदान

*624. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखण्ड के किसानों को विगत 2016 की बाढ़ में हुई फसल क्षति की क्षतिपूति अबतक प्राप्त नहीं हो सकी है, यदि हाँ, तो सरकार किसानों को क्षतिपूर्ति अनुदान प्रदान करने का विंचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जल-जमाव से मुक्ति

*625. श्री नीरज कुमार सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा नगर परिषद् के गंगजला, नया बाजार, न्यू कॉलोनी, प्रशांत सिनेमा रोड, चाणक्यपुरी, रहमान चौक, फकीर टोला, पंचवटी चौक सहित अन्य मुहल्लों में वर्षा ऋतु में जल-जमाव की स्थिति बन जाती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त मुहल्लों को वर्षा ऋतु में होने वाले जल-जमाव से कबतक मुक्त करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

किसानों को मुआवजा दिलाना

*626. श्री रामदेव राय--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के प्रत्येक प्रखंडों में जनवरी के मध्य में भारी हिमपात के कारण गेहूँ, मकई एवं आलू की फसल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो जाने से किसानों के सामने भारी संकट पैदा हो गई है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जिला में क्षतिग्रस्त फसलों के लिये उचित मुआवजा किसानों को कबतक देने का विचार रखती है ?

--------

पशु चिकित्सालय का निर्माण

*627. श्री रवीन्द्र सिंह--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल विधान-सभा क्षेत्र अन्तर्गत चन्दा (प्रखंड कलेर) शहर तेलपा (प्रखंड करपी) व रामपुर चौरम (प्रखंड अरवल) में पशु चिकित्सालय वर्ष 2013 से स्वीकृत है ;

(2) क्या यह बात सही है कि चन्दा में पशु चिकित्सालय की जमीन के लिये अनापत्ति प्रमाण-पत्र हेतु पशु चिकित्सा पदाधिकारी ने वर्ष 2016 को पत्र लिखा है ;

(3) क्या यह बात सही है कि शहर तेलपा व रामपुर चौरम में पशु चिकित्सालय की जमीन चिह्नित नहीं हो सका है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त चयनित पशु चिकित्सालय का निर्माण कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

आपूर्ति पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति

*628. श्री आबिदुर रहमान--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि 1990 में अररिया जिला के बनने के बाद से ही जिला में स्वतंत्र रूप से जिला आपूर्ति पदाधिकारी की नियुक्ति नहीं हुई है, जिससे जिला के किसान, डीलर एवं उपभोक्ता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार अररिया जिला में जिला आपूर्ति पदाधिकारी की नियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बीजों का वितरण करना

*629. श्री (मो0) तौसीफ आलम--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरगंज एवं टेढ़ागाच्छ प्रखंड में गेहूँ, मूँग, मसूर आदि बीजों का वितरण नवम्बर, 2016 में किसानों को करना था लेकिन अभीतक नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो उक्त बीजों का अभीतक कृषकों के बीच वितरण नहीं करने का क्या औचित्य है ?

विज्ञप्ति नहीं निकालने का औचित्य

*630. श्री नन्द किशोर यादव--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के शहरों में ठोस कचरा प्रबंधन हेतु प्रसंस्करण संयंत्र लगाने के लिये ठोस कचरा प्रबंधन नियम 2016 को तीनों स्तरों के निकायों यथा नगर निगम, नगर परिषद् तथा नगर पंचायत में लागू करने के लिये विगत वर्ष सरकार के द्वारा निदेश दिया गया था, किन्तु किसी निकाय ने अभीतक आर0एफ0पी0 (Request For Proposal) भी विज्ञप्ति नहीं किया है, यदि हाँ, तो इसका औचित्य क्या है ?

--------

कूपन उपलब्ध कराना

*631. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत पी0एच0एच0 राशन कूपन लाभार्थियों की कुल संख्या 13 लाख 83 हजार 7 सौ 22 है, लेकिन मात्र 11 लाख 48 हजार 2 सौ 25 लाभार्थियों के बीच ही पी0एच0एच0 राशन कूपन का वितरण किया गया है, शेष लाभार्थी पी0एच0एच0 कूपन से वंचित हैं, यदि हाँ, तो सरकार पी0एच0एच0 कूपन से वंचित लाभार्थियों को कबतक कूपन उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्वामित्व का निर्धारण

*632. श्री अत्री मुनी उर्फ शक्ति सिंह यादव--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के हिलसा स्थित खाखी बाबा मठ का जमीन गलत तरीके से महंत ने 20 वर्षों पूर्व बेच दिया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उसकी जाँच कराकर उक्त जमीन का स्वामित्व पुनः निर्धारित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन की मरम्मती

*633. श्री नरेन्द्र नारायण यादव--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला मधेपुरा अन्तर्गत अंचल आलमनगर के अधीन राजस्व कचहरी, रतवाड़ा, राजस्व कचहरी, आलमनगर राजस्व कचहरी, शंकरपुर, मधैली, राजस्व कचहरी, खुरहान मिलिक अंचल, चौसा के अधीन राजस्व कचहरी, फुलौत, राजस्व कचहरी, चौसा, राजस्व कचहरी, धौसई, अंचल पुरैनी के अधीन राजस्व कचहरी, औराय एवं राजस्व कचहरी, दुर्गापुर के भवन की स्थिति जीर्ण-शीर्ण है ;

(2) क्या यह बात सही है वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 में विभाग द्वारा उपरोक्त क्षतिग्रस्त भवनों की मरम्मती की स्वीकृति दी गई थी परन्तु आजतक इसकी मरम्मती नहीं हो पाई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त राजस्व कचहरी के भवनों की मरम्मती कार्य कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

रिक्त पदों को भरना

*634. श्री अभय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के कोच एवं टिकारी प्रखंडों के अन्तर्गत कुल मिलाकर 42 पंचायतों के लिये राजस्व कर्मचारियों के स्वीकृत 23 पदों के विरुद्ध मात्र 8 कर्मचारी ही कार्यरत हैं, जिसके कारण विकास का कार्य प्रभावित हो रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार राजस्व कर्मचारी के रिक्त पदों को शीघ्र भरने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

केन्द्र शुरू करना

*635. श्री विजय कुमार विजय--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लदनियाँ प्रखण्ड के पंचायत सिधपा के ग्राम-परसाही मुख्य सड़क किनारे का जमीन खेसरा संख्या 9008, 9006, 8998, 9007 खाता संख्या 1250, 1350, 1100, 1166 कुल रकबा 0-10 कट्ठा 7 धूर को बिहार सरकार के नाम से वर्ष 1960 में पशु चिकित्सा केन्द्र निर्माण हेतु भूमिदान कर्ता द्वारा रजिस्ट्री किया गया है, जिसमें बिहार सरकार द्वारा पशु गर्भधारण केन्द्र संचालित किया गया जो विगत 10 वर्षों से बन्द है, यदि हाँ, तो क्या सरकार भू-दाता के नाम पर पशु गर्भधारण केन्द्र शुरू करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

अंचल कार्यालय स्थापित करना

*636. श्री अजीत शर्मा--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत भागलपुर नगर क्षेत्र के आम जनता को जमीन का रसीद कटाने, जमीन का नाप कराने आदि कार्यों के लिये भागलपुर नगर क्षेत्र में अंचल कार्यालय नहीं है, जिससे उक्त नगर क्षेत्र के जमीन से संबंधित कार्यों के लिये 20 किलो मीटर दूर जगदीशपुर अंचल कार्यालय में जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो भागलपुर नगर क्षेत्र में अंचल कार्यालय स्थापित करने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

------

अनिबंधित किसान का धान क्रय

*637. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार के निर्णय के अनुसार सिर्फ निबंधित किसान से ही धान खरीदने का प्रावधान किया गया है, जो किसान निबंधित नहीं हो सके हैं, उनसे धान खरीदा नहीं जा सकेगा ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार में 71 लाख किसान हैं, जिसमें मात्र दो लाख किसान का ही निबंधन हो पाया है शेष किसान इससे वंचित हो गये हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उन सभी किसानों जिनका निबंधन नहीं है से धान का क्रय करना चाहती है, हाँ, तो कबतक ?

कार्रवाई करना

*638. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मधेपुर प्रखण्ड के भिन्न-भिन्न पंचायतों के वासिन्दों यथा (1) रामदेव सदाय पिता स्व० मौजे लाल सदाय, ग्राम-बेलवा, पंचायत महिसामु, (2) कालीकांत सदाय पिता सियाराम सदाय, ग्राम-बेलवा, पंचायत महिसामु (3) दुनदुन मंडल पिता ठको मंडल पंचायत करहारा गाँव चुना एवं पाँच हजार परिवार जो वासविहिन हैं तथा सड़क व तटबंधों पर बसे हुये है । कलस्टर में बासोवास हेतु सरकारी संकल्प के मुताबिक पाँच डीसमल जमीन की माँग वासितों ने दिनांक 13 फरवरी, 2016 को की है, जो अंचलाधिकारी, मधेपुर के कार्यालय में पड़ा हुआ है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वासविहिन परिवारों को प्रति परिवार पाँच डीसमल बासोवास की जमीन उपलब्ध कराने एवं अंचल अधिकारी, मधेपुर के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

राशि की वसूली

*639. श्री भाई वीरेन्द्र--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत मनेर प्रखण्ड स्थित बांक पंचायत के लोदीपुर बाजार की नीलामी विगत 10 वर्षों से स्थानीय पदाधिकारियों एवं दबंग लोगों की मिलीभगत से कागज पर ही किया जा रहा है एवं दबंगों द्वारा सरकारी भूमि का अतिक्रमण कर अतिरिक्त दुकानों का निर्माण कर दिया गया है, जिसके कारण हाट में दुकान लगाने वाले दुकानदारों से मनमाने तरीके से राशि वसूली की जा रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक हाट में दुकान लगाने वाले दुकानदारों से तय सरकारी दर पर राशि वसूलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

अतिक्रमण मुक्त करना

*640. श्री जिवेश कुमार--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अन्तर्गत जाले प्रखण्ड के सहसपुर पंचायत के चंदौना गाँव में जाने के रास्ता के मुहाने पर अतिक्रमण कर झोपड़ी का निर्माण कर दिया है, जिससे आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त झोपड़ी को हटाकर कबतक सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

कार्रवाई करना

*641. श्री कृष्ण कुमार ऋषि--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बनमनखी प्रखण्ड के कोशीशरण देवोतल जन-वितरण विक्रेता-धुवदास के दुकान की जाँच प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा किया गया है, जिसमें खाद्य सुरक्षा मद की भंडार पंजी में गेहूँ की मात्रा 181 क्वीं० 44 कि० एवं चावल की मात्रा 272 क्वीं० 16 कि० विक्रेता के भंडार में गेहूँ 171 क्वीं० 44 कि० एवं चावल 232 क्वीं० 16 कि० कम पाया गया है और उक्त शेष गेहूँ और चावल सड़ गया है दिखाया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी, बनमनखी के पत्रांक 349, दिनांक 9 मई, 2016 द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी, बनमनखी को उक्त विषय से संबंधित पत्र लिखा गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो खण्ड (1) में वर्णित विषय पर अनुमंडल पदाधिकारी को दिये गये पत्र के आलोक में अभीतक कोई कार्रवाई नहीं करने का क्या औचित्य है ?

डाटाबेस से जोड़ना

*642. श्री मिथिलेश तिवारी--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जन-वितरण प्रणाली में व्यापक सुधार और पारदर्शी व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिये राशन कार्ड को आधार नम्बर से जोड़ने के लिये केन्द्र सरकार के केन्द्रीय उपभोक्ता मामले और खाद्य मंत्रालय ने पूर्व में ही बिहार सरकार को निदेशित किया था, ताकि सभी उपभोक्ताओं को जन-वितरण प्रणाली के माध्यम से राशन कार्ड के आधार पर राशन वगैरह की सुविधा आसानी से तथा गुणवत्तापूर्ण प्राप्त हो सके;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त निदेश के बावजूद भी अभीतक 1.54 करोड़ राशन कार्ड का डाटाबेस तैयार नहीं किया जा सका है, जबकि इसे 31 दिसम्बर, 2016 तक ही पूरा करना था;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आधार कार्ड से लिंक करते हुये समय-सीमा के अन्दर राशन कार्ड को डाटाबेस से जोड़ने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

भवन का निर्माण

*643. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिले के कोचाधामन प्रखण्ड अन्तर्गत ''प्रथमवर्गीय पशु चिकित्सालय'' कोचाधामन का भवन काफी पुराना एवं जर्जर हो चुका है, यदि हाँ, तो सरकार प्रथमवर्गीय पशु चिकित्सालय, कोचाधामन का भवन निर्माण का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

प्रोत्साहन अनुदान राशि देना

*644. श्री राजू तिवारी--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला में पिछले दस सालों में पशुपालकों की संख्या में 50 प्रतिशत की कमी आयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि पशुपालकों की संख्या में कमी आने का प्रमुख कारण मवेशियों के चारा की अनुपलब्धता है, यदि हाँ, तो पशुपालन हेतु प्रोत्साहन/अनुदान राशि पशुपालकों को देने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

-----------

पथ का निर्माण

*645. श्री श्याम रजक--स्थानीय हिन्दी दैनिक सामाचार-पत्र में दिनांक 30 जनरवरी, 2017 को प्रकाशित शीर्षक ''पीने का पानी व जल-निकासी की समस्या झेल रहे हैं लोग'' के आलोक में क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना के वार्ड नं0 1 के दीघा मुहल्ले के पोस्ट ऑफिस रोड में बीच सड़क पर सालों भर जल-जमाव के कारण सड़क जर्जर हो गई है, जिससे लोगों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(2) क्या यह बात सही है कि विगत 15 वर्ष पूर्व दीघा को पटना नगर निगम में शामिल कर लिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराकर लोगों को राहत देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चापाकल का जीर्णोद्धार

*646. <u>श्री फैसल रहमान</u>--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मोतिहारी जिला के ढ़ाका विधान-सभा क्षेत्र में पिछले पाँच वर्ष अथवा उसके पूर्व शुद्ध पेयजल आपूर्ति हेतु चापाकल लगाये गये हैं, जो अब जर्जर स्थिति में है तथा बन्द हो गई है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक चापाकल का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

अंचल का स्थानांतरण

*647. <u>श्री प्रहलाद यादव</u>--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला के पिपरिग प्रखण्ड के पिपरिया पंचायत के पिपरिया दियारा एवं पिपरिया करारी टोला का राजस्व अंचल बड़हिया है, जबकि उसी पंचायत के डीह पिपरिया, वसौना कनरपुर एवं पथुआ टोला का राजस्व अंचल पिपरिया है, यदि हाँ, तो उक्त पंचायत के सभी गाँवों, टोलों को पिपरिया राजस्व अंचल में करने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

------------

वर्दी उपलब्ध कराना

*648. <u>श्री संजय सरावगी</u>--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार में नगर निगम के स्थायी सफाई कर्मियों एवं चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों को प्रत्येक वर्ष वर्दी मुहैया कराये जाने का प्रावधान है;

(2) क्या यह बात सही है कि दरभंगा नगर निगम के स्थायी सफाई कर्मियों एवं चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों को 2007 के बाद अबतक वर्दी उपलब्ध नहीं करायी गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दरभंगा नगर निगम के उपर्युक्त कर्मचारियों को वर्दी मुहैया कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

राशन कार्ड बनाना

*649. <u>श्रीमती सावित्री देवी</u>--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत जिले में राशन कार्ड बनाने हेतु सरकार का निर्णय है कि वैसे लोगों का राशन कार्ड बनाया जायेगा जिनका राशन कार्ड आजतक नहीं बना है;

(2) क्या यह बात सही है कि जमुई जिला मुख्यालय से चकाई प्रखण्ड की दूरी लगभग 70 किलोमीटर है, जहाँ के गरीब-गुरबा को जमुई आकर कार्ड बनाना मुश्किल हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार चकाई प्रखण्ड के ग्रामीणों का राशन कार्ड बनाने हेतु चकाई प्रखण्ड मुख्यालय में व्यवस्था करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पशु चिकित्सालय की स्थापना

*650. श्री मुद्रिका प्रसाद राय--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत इसुआपुर एवं पानापुर प्रखंडों में पशु चिकित्सालय स्थापित नहीं रहने से स्थानीय पशुपालकों के सैकड़ों पशुओं की गंभीर बीमारी के कारण मृत्यु हो गई है, यदि हाँ, तो सरकार वर्णित प्रखंडों में कबतक पशु चिकित्सालय की स्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

रिक्त पद को भरना

*651. श्री अभय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के कोच अंचल के अंचल निरीक्षक का पद पिछले 4 सालों से रिक्त है जिसके कारण विकास का कार्य बाधित हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उपर्युक्त वर्णित अंचल निरीक्षक के रिक्त पद को कबतक भरने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

शवदाह गृह का निर्माण

*652. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के पुपरी प्रखंड अन्तर्गत अधवारा नदी में बुढ़नद चौक के पास एवं सुरसंड प्रखंड अन्तर्गत करबन्ना पंचायत के सुन्दर, सोनदही एन० एच० 104 के नजदीक अंधवारा नदी घाट पर विद्युत् शवदाह गृह नहीं होने से जनता को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नदी के चौक एवं घाट पर कबतक विद्युत् शवदाह गृह बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

अतिक्रमण मुक्त कराना

*653. श्रीमती गायत्री देवी-- क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार अंचल अन्तर्गत बाया ग्राम के खाता संख्या 768, खेसरा नंबर 1179 बिहार सरकार यानी बाया बाजार नाम से खतियान दर्ज है;

(2) क्या यह बात सही है कि बाया ग्राम के खाता संख्या 768, खेसरा नं० 1179 पर बाजार लगाकर राजस्व की वसूली होती थी, जिस पर बाहुबलियों ने अतिक्रमण कर लिया है, जिससे राजस्व की हानि हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बाया बाजार की सरकारी जमीन अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराकर पुनः बाजार लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

पर्चा निर्गत करना

*654. श्रीमती भागीरथी देवी-- स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 9 नवम्बर, 2016 को प्रकाशित शीर्षक ''लोगों को कबतक मिलेगा वासगीत पर्चा'' की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुये क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेतिया जिला अन्तर्गत प्रखंड गौनाहा स्थित भिखनाठोरी के लगभग 100 घर 50 वर्षों से बसे हुये हैं परन्तु अबतक वासगीत पर्चा नहीं मिला है;

(2) क्या यह बात सही है कि भिखनाठोरी में वर्ष 1904 से ही रेल यातायात सुविधा बहाल होने के साथ गेस्ट हाउस, पोस्ट ऑफिस, स्कूल, आँगनबाड़ी संचालित है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बसे हुये लोगों को वासगीत पर्चा निर्गत करने हेतु कौन-सी कार्रवाई कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

कुत्तों की जनसंख्या पर नियंत्रण

*655. श्री अरूण कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में आवारा कुत्तों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है एवं उसके जनसंख्या नियंत्रण हेतु अभीतक कोई कारगर कदम नहीं उठाये गये हैं, यदि हाँ, तो सरकार आवारा कुत्तों की जनसंख्या नियंत्रण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

पथ का निर्माण

*656. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत अंचल जितवारपुर के मौजा मुसापुर, वार्ड नं० 11 के महादलित टोला में आने-जाने के लिये सम्पर्क पथ-सह-पहुँच पथ नहीं होने से वहाँ के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सम्पर्क-सह-पहुँच पथ का कबतक निर्माण कार्य कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

जलापूर्ति योजनाओं को पूर्ण करना

*657. श्री सदानन्द सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिले के गोराडीह प्रखंड अन्तर्गत ग्राम-गंगटी, उस्तु, चकदरिया के ग्रामीण क्षेत्र के लिये जलापूर्ति योजना का वर्ष 2014-15 में निर्माण हो जाना था, लेकिन 2 वर्ष बीत जाने के बाद भी पूर्ण नहीं हो पाया है, यदि हाँ, तो सरकार उपर्युक्त जलापूर्ति योजनाओं को कबतक पूर्ण करने का विचार रखती है ?

कोल्ड स्टोरेज में भंडारण तय करना

*658. श्री राजू तिवारी -क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत कोल्ड स्टोरेज, बहला, हरसिद्धि समेत विभिन्न जिला के कोल्ड स्टोरेजों में किसानों द्वारा आलू को रखा जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कोल्ड स्टोरेज मालिकों द्वारा आलू के भाड़ा के रूप में प्रति क्विंटल 330 रुपये सीजनल के रूप में वसूली की जा रही है, जिससे किसानों का आर्थिक बोझ बढ़ रहा है, यदि हाँ, तो भंडारण दर तय करने एवं मूल्य तालिका उन कोल्ड स्टोरेज में लगाने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

----------

दखल-कब्जा दिलाना

*659. श्री सरोज यादव -क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत आरा, बड़हारा कोईलवर प्रखंडों में जमीन बंदोबस्ती पर्चाधारियों को आज भी उस जमीन पर दखल-कब्जा नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अंचलों सहित पूरे जिले में पर्चाधारी परिवारों को आजतक बंदोवस्त किये गये जमीन का मालगुजारी रसीद काटता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पर्चाधारी परिवारों को जमीन का दखल-कब्जा कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

चापाकल गड़वाना

*660. श्री केदार प्रसाद गुप्ता- -क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत कुढ़नी प्रखंड में मुख्यमंत्री क्षेत्रीय पेयजल योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2015-16 में 20(बीस) पंचायतों में 100 चापाकल गाड़ा गया है, जबकि कुढ़नी प्रखंड में 39 पंचायत हैं तथा पाँच चापाकल प्रत्येक पंचायत में गाड़ना है, लेकिन अबतक 95 चापाकल नहीं गाड़े गये हैं, यदि हाँ, तो सरकार शेष 19 पंचायत के 95 चापाकल कबतक गड़वाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

राशि वापस करने का औचित्य

*661. श्री गुलाब यादव- - क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के झंझारपुर नगर पंचायत के दो योजनाओं लाल पटवा के घर से चन्द्रमोहन दास के घर तक पी० सी० सी० कार्य तथा रेलवे लाइन होते हुये अरूण दास के घर तक पी० सी० सी० सड़क का निविदा होने के बाद माननीय उच्च न्यायालय में वाद लंबित रहने के कारण निर्माण कार्य नहीं हो सका;

(2) क्या यह बात सही है कि माननीय उच्च न्यायालय में लंबित वाद मई, 2016 में समाप्त होने के उपरांत झंझारपुर नगर पंचायत के द्वारा पुनर्निविदा करने से पहले ही सरकार द्वारा दोनों सड़कों के निर्माण की राशि (लगभग 1करोड़ 20 लाख) झंझारपुर नगर पंचायत से वापस ले ली गई है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

पुल का निर्माण

*662. श्री (डॉ०) राजेश कुमार--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत केसरिया नगर पंचायत के वार्ड नं० 11 में बाबा घाट पर पुल नहीं है जिससे आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

शुद्ध पेयजल देना

*663. श्री लक्ष्मेश्वर राय- क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लौकही प्रखंड के लौकही, महदेवा मुशहरी टोले में जलमीनार का निर्माण 2014 में हुआ है, परन्तु पाइप नहीं बिछने के कारण लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार जलमीनार से पाइप जोड़कर लोगों को कबतक शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

धान की अधिप्राप्ति

*664. श्री रामदेव राय--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2016-17 के लिये धान क्रय के लिये बिहार सरकार द्वारा लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के भगवानपुर बछवाड़ा एवं मंसूरचक प्रखंडों में धान अधिप्राप्ति के लिये आवंटन नहीं मिलने से प्रगति शून्य है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---------

व्यावसायियों के विरुद्ध कार्रवाई

*665. श्री अरूण कुमार सिन्हा-- क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा विधिक माप विज्ञान प्रवर्तन नियमावली को 1 अप्रील, 2014 से बिहार में लागू किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि खंड (1) में वर्णित नियमावली में अन्तर्निहित प्रावधानों के तहत अप्रैल, 2016 से 31 दिसम्बर, 2016 के बीच राज्य के 38 जिलों में विभागीय पदाधिकारियों एवं निरीक्षकों द्वारा 21, 844 दूकानों का निरीक्षण कर 12,221 व्यवसायियों को नोटिस दिया गया लेकिन जप्ती की कार्रवाई केवल 75 मामलों में ही हुई एवं शेष पर मामला विचाराधीन है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो खंड (2) में वर्णित नोटिस जारी किये गये शेष व्यवसायियों के विरुद्ध अबतक कार्रवाई नहीं किये जाने का क्या औचित्य है ?

---------

रास्ते को खाली कराना

*666. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनसाही प्रखंड अन्तर्गत भेड़मारा पंचायत के भेड़मारा आँगनबाड़ी केन्द्र संख्या 28 का भवन बना हुआ है, लेकिन एक ग्रामीण द्वारा उसके आगे सरकारी जमीन पर झोपड़ी बनाकर उसके आने-जाने का मार्ग अवरुद्ध कर दिया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त रास्ते को खाली कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पशु चिकित्सालय खोलना

*667. श्री राजेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत हरसिद्धि प्रखंड स्थित पशु चिकित्सालय से गायघाट पंचायत की दूरी लगभग दस (10) किलोमीटर रहने के कारण गायघाट पंचायत के पशुपालकों को पशुओं के इलाज में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार गायघाट पंचायत में कबतक पशु चिकित्सालय खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पशु चिकित्सालय का निर्माण

*668. श्री गुलाब यादव--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिले के झंझारपुर प्रखंड के कमला नदी से पश्चिम में 10 पंचायतों में पशुपालकों को पशु चिकित्सालय नहीं होने के कारण अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो उक्त पंचायतों में पशु चिकित्सालय अधिष्ठापित करने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

बासगीत का पर्चा देना

*669. श्रीमती लेशी सिंह--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के धमदाहा प्रखंड अधीन बरान गोढ़ी टोला में 200 परिवार करीब 35 वर्ष से जिस जमीन पर निवास कर रहे हैं उसका वासगीत पर्चा नहीं बन पाने से सरकारी लाभ से बंचित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार सभी परिवार को वासगीत पर्चा देने का विचार रखती है ?

योजना पूर्ण करना

*670. श्री मदनमोहन तिवारी-- क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिला मुख्यालय स्थित रमना मैदान के दक्षिण भाग में जिला शहरी विकास अभिकरण के योजना मद में नवम्बर, 2015 से सौन्दर्यीकरण कार्य प्रारंभ कराया गया है जो 14 फरवरी, 2017 तक पूर्ण नहीं कराया जा सका है, यदि हाँ, तो सरकार वर्णित योजना को कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

राजस्व का संकलन

*671. श्री जिवेश कुमार--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य अन्तर्गत निर्बंधित बाजारों का डाक कई जगह कई वर्षों से नहीं हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि ऐसे निर्बंधित बाजारों से सरकार के अंचलाधिकारी कर्मचारी के माध्यम से राजस्व वसूली कराते हैं, जिसमें अनियमितता है तथा वसूली पुराने दर पर ही की जा रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सभी निर्बंधित बाजारों का नये सिरे से डाक करवाकर राजस्व संकलन का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पेयजल उपलब्ध कराना

*672. (डॉ०) सुनील कुमार--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला अन्तर्गत बिहारशरीफ के नगर निगम क्षेत्र महलपर उच्च प्रवाही नलकूप होने के बावजूद महलपर कुशवाहा भवन से शनिचर चौधरी के मकान से तेजस्वी रजक के मकान तक गणेश मार्केट से बंगाली मोड़ होते हुये नवलकी यादव के मकान से डॉ० राजाराम के मकान एवं नाग बाबा मोड़ तक गणेश मार्केट से महलपर चौराहा से नीमगंज सोराहा होते हुये नीमगंज टी०ओ०पी० मिरजा देवी के मकान तक पाईप लाइन विस्तार नहीं होने के कारण पेयजल की घोर समस्या बनी हुई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उपरोक्त वर्णित मुहल्लों में पाईप लाइन विस्तारीकरण करवाकर कबतक पेयजल की समस्या का निदान कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

राशि उपलब्ध कराना

*673. श्री नारायण प्रसाद – क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत बैरिया प्रखंड के सीसवा सरैया, भीतहां एवं मियांपुर तिलंगही पंचायत के विभिन्न टोलों में वर्ष जून, 2016 में 57 अदद शौचालय का निर्माण कराया गया है जिसका स्थल निरीक्षण सत्यापन प्रतिवेदन सहायक अभियंता, लोक स्वास्थ्य अवर प्रमंडल, बेतिया ने अपने पत्रांक 80, दिनांक 6 जून, 2016 से कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण प्रमंडल, बेतिया को प्रोत्साहन राशि भुगतान हेतु भेजा है, परन्तु आज तक लाभुक को प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं किया जा सका है, यदि हाँ, तो सरकार वर्णित प्रतिवेदन के आलोक में लाभुकों को प्रोत्साहन राशि कबतक देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

अतिक्रमण मुक्त कराना

*674. श्री रामचन्द्र सहनी- क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत प्रखंड बंजरिया के चैहलाँ पंचायत के बिन टोली जिसकी आबादी 200 से अधिक है जो 50 वर्षों पूर्व से आवासित है, इस बसावट में आवागमन के लिये जो सम्पर्क पथ था कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण कर लिया है जिस कारण बिन टोली के आवासित लोगों को आवागमन में कष्ट का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित बस्ती के आवागमन बहाली हेतु कबतक अतिक्रमित सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने का विचार रखती है, नही, तो क्यों ?

---

प्रतिनियुक्ति करना

*675. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नबीनगर नगर पंचायत में कार्यपालक पदाधिकारी का पद विगत एक वर्ष से रिक्त होने के कारण विकास कार्य बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नगर पंचायत में कार्यपालक पदाधिकारी, की प्रतिनियुक्त कबतक, करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पटना:
दिनांक 2 मार्च, 2017 (ई०)।

रामश्रेष्ठ राय,
सचिव,
बिहार विधान-सभा पटना ।

बि०स०मु० (एल० ए०) 108 डी०टी०पी०-500